कार्यालय प्रथम अपीलीय अधिकारी, जिला कलेक्टर, दौसा

श्री गिर्राज प्रसाद मीना पुत्र श्री रामसिंह मीना ग्राम मान्यापुरा पोस्ट धौलखेडा तहसील महवा जिला दौसा (राज0)

बनाम

सत्यमेव जयते
Web Copy - Not Official

लोक सूचना अधिकारी, तहसीलदार, महवा

अपील सं0 03/2018

<u>निर्णय</u> दिनांक 12.02.2018

संक्षिप्त विवरण अपील इस प्रकार है कि प्रार्थी द्वारा लोक सूचना अधिकारी, तहसीलदार, महवा को दिनांक 20.11.2017 को सूचना/नकल हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया। प्रार्थी को वॉछित सूचना/नकल निर्धारित समयावधि में प्राप्त नहीं हुई। इसी से पीडित होकर यह अपील पेश की गई है।

अपील दर्ज रजिस्टर की गई । लोक सूचना अधिकारी, तहसीलदार, महवा को आवेदन पत्र की छाया प्रति प्रेषित कर संबंधित को वॉछित नकल/ सूचना उपलब्ध करवाई जाकर जॉच टिप्पणी मॅगवाई गई।

पत्रावली का अवलोकन किया गया। पत्रावली के अवलोकन से प्रकट होता है कि लोक सूचना अधिकारी, तहसीलदार, महवा द्वारा उनके पत्रांक राजस्व/2018/113 दिनांक 01.02.2018 द्वारा अवगत कराया कि प्रार्थी श्री गिर्राज प्रसाद मीना को वॉछित सूचना उपलब्ध करवाई जा चुकी है तथा प्रार्थी द्वारा भी प्रा0 पत्र प्रस्तुत कर अपील पर कोई कार्यवाही नहीं चाहने बाबत अंकित किया है। तहसीलदार महवा द्वारा पत्रादि की छाया प्रति संलग्न भिजवाई जाकर अपील निरस्त करने हेतु भी निवेदन किया है। इससे यह स्पष्ट होता है कि आवेदक को वॉछित सूचना उपलब्ध करवाई जा चुकी हैं। ऐसी स्थिति में अपील अपीलांट खारिज योग्य है।

उपरोक्त विवेचन के आधार पर अपील अपीलांट खारिज की जाती है। संबंधित को निर्णय प्रति प्रेषित करें। बाद पूर्ति पत्रावली प्रविष्ठ लेख भण्डार हो ।

(नरेश कुमार शर्मा)
जिला कलेक्टर, दौसा